जब जब मैं तुमको याद करू

जब जब मैं तुमको याद करू,
तुम दौड़े दौड़े आते हो,
ये कौन सा रिश्ता ये कौन सा नाता,
ये कौन सा रिश्ता सांवरिया जिसे हर पल आप निभाते हो,

कभी बेटा बन कर आते हो कभी मेरे पिता बन जाते हो,
कभी माँ बन कर मेरे श्याम धनि गोदी में लाड लड़ाते हो,
कभी बेटी बन कर सांवरिया मेरा जग में मान बढ़ाते हो,

कितना अनजान हु मैं बाबा तेरी महिमा जान ना पाता हु,
हर रूप में मेरे साथ है तू तुझको पहचान ना पाता हु,
हर सुख में मेरे सांवरिया मेरे सिर पे हाथ फिराते हो,

मेरा जीवन श्याम सवार दियां,
हर दुःख से मुझे उबार दियां,
कैसे मैं करू तेरा शुकराना हस्ता खिलता परिवार दिया,
कुक्की की भगिया में बाबा तुम ही तो फूल खिलाते हो,
ये कौन सा रिश्ता सांवरिया जिसे हर पल आप निभाते हो,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/8437/title/jab-jab-main-tumko-yaad-karu-tum-dohde-dohde-aate-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |